



नवभारत 09
सतना, शनिवार, 07 फरवरी, 2026

# दान में मिली एंबुलेंस अब बनी कमाई का जरिया

## मामला सिविल अस्पताल नागौद का

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 6 फरवरी, मरीजों की सेवा के लिए समाजसेवी संस्था रुद्र प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट महाराष्ट्र( शिवराजपुर )के द्वारा एक एम्बुलेंस सिविल अस्पताल नागौद को प्रदान की गई थी।**






कुछ दिनों तक यह एम्बुलेंस चिकित्सकों की व्यक्तिगत सेवा करती रही, लेकिन अब यह बीमार परेशान मरीजों को ढोकर रोगी कल्याण समिति के लिए कमाई का जरिया बन गई है। आपसे 1000/ जमा कराकर यह वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए सचिव रोगी कल्याण समिति ने वाकायदे दो ड्राइवर नियुक्त किए हैं जिसमे एक ड्राइवर 3 दिन और एक ड्राइवर 4 दिन 250 रुपए प्रति दिन की दर से बाहन चलाएगें। मरीज यदि हॉस्पिटल से सतना जाना चाहते हैं तो मरीज के द्वारा 1000/ जमा कराकर इसमे 500/ ईंधन व्यय 250/ ड्राइवर व्यय तथा इस धंधे में परेशान मरीजों के पैसे से ही 250 रुपए रोगी कल्याण समिति को भी मिल जाएंगे फिर रोगी कल्याण समिति के पैसों की मनमानी ख़र्च कर बंदरबांट हो जाएगी।

यद्यपि शासन में मरीजों को भेजने के लिए निशुल्क 108 वाहनों की व्यवस्था की है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है जब कोई वाहन सुविधा मांगता है तो अस्पताल स्टाफ दो-तीन घटे बाद में वाहन आने की बात अनायास ही कह देता है। समाजसेवी रुद्र प्रताप जी ने मरीजों को आने-जाने की नि- शुल्क सुविधा के लिए नई एंबुलेंस अस्पताल को दी गई थी, लेकिन शायद ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसका उपयोग मरीजों की सेवा के लिए किया गया हो, बल्कि इसके लिए बजट न होने का रोना रोकर गलतफहमी उजागर कर बहुत दिनों तक इसे एक किनारे खड़ा रखा गया और अब कोई नियम न होने पर भी इसका कमाई का साधन बना लिया गया है। कुछ ही दिनों में यह भी बात सामने आ जाएगी कि वाहन के व्यवसाय से आमदनी कम हुई है और वाहन का मरम्मत खर्च ज्यादा हो गया है। फकीर टोली ने पूर्व में भी एम्बुलेंस की अव्यवस्था और रख-रखाव के लापरवाही की जानकारी दानदाता तक प्रेषित कर अपनी जिम्मेदारी निभाई थी।



# सोहावल, रामपुर बाघेलान और अमरपाटन ने जीते मैच

▸ स्व. हर्ष नारायण सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 6 फरवरी, हनुमानगंज के लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में पूर्व मंत्री स्वर्गीय हर्ष नारायण सिंह स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट में आज तीन मैच खेले गए।**

पहला मैच कोठी और सोहावल के बीच खेला गया जिसमें सोहावल 1-0 से विजई रही। दूसरा मैच रामपुर बाघेलान और सीधी के बीच खेला गया जिसमें रामपुर बघेलान 3-1 से विजय रही और तीसरा मैच अमरपाटन और इंडियन स्पोर्ट्स सतना के बीच खेला गया जिसमें अमरपाटन 0-1 से विजय रही। इस मैच के मुख्य अतिथि रहे अशोक सिंह पप्पू दादा। अजीत सिंह फुटबॉल संघ के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह आशीष सिंह अंबू कमलेश कुमार पार्षद इशाक खान, पुष्पेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह धीरू, विश्वविजय सिंह, टूर्नामेंट कमलेश कचेर, शैलेंद्र निगम, पुष्पराज कुशवाहा, रोहित पाण्डेय, विष्णु सिंह बघेल, संतोष सिंह बघेल, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धीरज सिंह, सागर सिंह, शिवांक त्रिपाठी, शिव मोहन सिंह लाला शानू सोनू शर्मा अंकुश चौधरी सहित अन्य खेल प्रेमी एवं दर्शकों की रही मौजूदगी।

# एसडीएम आर.एन. खरे हुए बहाल, उच्च न्यायालय से मिली राहत

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 6 फरवरी, जिले की रामपुर बाघेलान तहसील में पदस्थ रहे एसडीएम आर.एन. खरे को भूमि आवंटन से जुड़े एक प्रकरण के चलते हाल ही में मध्यप्रदेश शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया था।**



इस प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था और मामले ने तूल पकड़ लिया था। निलंबन आदेश को एसडीएम श्री खरे ने माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने शासन द्वारा अपनाई गई निलंबन प्रक्रिया पर गंभीरता से विचार किया। सुनवाई उपरांत माननीय उच्च न्यायालय ने निलंबन आदेश पर स्थगन (स्टे) लगाते हुए एसडीएम आर.एन. खरे को तत्काल प्रभाव से बहाल करने के आदेश जारी किए। न्यायालय के इस फैसले के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल देखी गई है। बताया जा रहा है कि उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया निलंबन की प्रक्रिया में आवश्यक तथ्यों और नियमों के समुचित पालन पर सवाल उठाए हैं, जिसके चलते यह अंतरिम राहत प्रदान की गई है। एसडीएम आर.एन. खरे की बहाली से एक बार फिर रामपुर बाघेलान तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था में स्थिरता आने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, इस निर्णय को कानून के दायरे में निष्पक्षता और न्याय की जीत के रूप में भी देखा जा रहा है। फिलहाल, पूरे मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी और शासन की ओर से अगला कदम न्यायालय के अंतिम निर्णय के बाद तय किया जाएगा।

# पीएम श्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 6 फरवरी, शासन की पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुर बाघेलान में फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बायोलॉजी प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ आज विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया रहे, जिन्होंने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर विधायक विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करती हैं और विशेष रूप से बालिकाओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और पीएम श्री योजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रामसखी कचेर, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी, नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, जनपद सदस्य अनिल साकेत, नंदकिशोर पटेल, नंदू शक्तिकोल, कोल आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष अशोक कोल, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर, पार्षद मोहम्मद इशहाक, उमेश विश्वकर्मा, सुदर्शन कोल, शिवमोहन सिंह, लाल राम, प्रसाद कोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इसके साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरुण प्रताप सिंह, कन्या विद्यालय के प्राचार्य दशरथ प्रसाद साकेत, उप यंत्री विश्वजीत कुशवाहा, विजय कुमार वर्मा, रामबली सिंह, मानव शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, छोटेलाल कोल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए।


# कांग्रेसियों ने समस्याओं को लेकर मझगवां एसडीएम को सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

## मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल : आशुतोष

**नवभारत न्यूज**

**सतना 6 फरवरी, आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव अखिल भारतीय किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड के प्रभारी व चित्रकूट विधानसभा के कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय जन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय मझगवां का सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया।**

श्री द्विवेदी ने ज्ञापन में कहा की चित्रकूट विधानसभा की मझगवां तहसील मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है महोदय मझगवां क्षेत्र कुपोषण के क्षेत्र में पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान रखता है वही चित्रकूट विधानसभा के कई ऐसे गांव हैं जहां विद्यालय सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी वहां के लोगों को शासन द्वारा मुहैया नहीं हो पा रही हैं जिससे वहां के रहवासी आज भी आजादी के पहले जैसा जीवन जीने के लिए मजबूर हैं जबकि मझगवां जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत होने के साथ-साथ श्री चित्रकूट धाम का प्रथम द्वार भी माना जाता है आगे श्री द्विवेदी ने बताया हमारी मांगे हैं जैसे मझगवां नगर में पेयजल का विशाल संकट है जिसे तकनीकी रूप से तत्काल सही करवाया जाए। मझगवां नगर के प्राचीन राजाधिराज मंदिर में बाउंड्रीवल का निर्माण करवाया जाए व मंदिर के सामने अति प्राचीन कुंए का जीर्णोद्वार करवाया जाए। चित्रकूट नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले थरपहाड़ गांव की सड़क का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाए। मझगवां नगर में बाजार की पट्टियों में जो दुकानें लगती हैं उन्हें बंद करवाया जाए। मझगवां बस स्टैंड में सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पुलिस जवानों की तैनाती की जाए व 100 डायल बस स्टैंड के समीप ही खड़ी करवाई जाएं।मझगवां नगर के अंदर से होकर गुजरने वाली सड़क में डायवर्शन सही तरीके से बनाए जाएं व पुलिया बनाने वाली कंपनी कृष्णा इन्फ्रा द्वारा कभी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है तो कभी गलत तरीके से डायवर्सन बना दिया जाता है जो जन भावना में आक्रोश व्याप्त करता है।



ग्राम पंचायत मझगवां में अवैध रूप से प्रधानमंत्री आवास में नाम जोड़े गए हैं जिनकी जांच करवाकर सही लोगो के नाम जोड़े जाएं वह दोषी कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए।मझगवां स्थित करुणाधाम मंदिर के आसपास की शासकीय भूमियों का सीमांकन कराया जाए। तहसील कार्यालय मझगवां में बने शौचालय की स्थिति का मुवायना करके उसकी मरम्मत करवाई जाए व स्वच्छ करवाया जाए। कन्या हाई स्कूल मझगवां के सामने अवैध दुकानें लगती हैं जिन्हें हटवा कर उक्त भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया जाए जिससे स्टेशन रोड का चौड़ीकरण होगा व स्टेशन रोड नगर की सुंदरता की प्रतीक बनेगी। तथा नगर के अंदर से बाजार की पुरानी सड़क को बनाया जाए ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विमलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता गौरव गुप्ता नवनीत, युकां मझगवां उपाध्यक्ष व उपसरपंच सफीक राजू सौदागर, मंटी मिश्रा, राहुल सोलंकी, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे ।




# नरेंद्र पांडे बने प्रदेश महामंत्री

**नवभारत न्यूज**

**हिरौंदी 6 फरवरी, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय प्रभारी भागवत द्विवेदी की सहमति पर एक साल संगठन के प्रति जागरूक और अच्छा सहयोग देखकर नरेंद्र पाण्डेय को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।**

इस नियुक्ति पर मप्र अध्यक्ष ऋषिकेश त्रिपाठी प्रदेश प्रभारी ममता गुप्ता, संभाग अध्यक्ष रीवा रवि गुप्ता, जिला अध्यक्ष सतना मोहन स्वरुप चौबे और सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दिया है।

# पीएममश्री हाई स्कूल नागौद में शालेय पत्रिका का विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 6 फरवरी, पी.यम.श्री.शासकीय हाई स्कूल नागौद में विद्यालयीन वार्षिक पत्रिका प्रयास का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ। जिसका विमोचन मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह जूदेव विधायक नागौद के कर कमलों द्वारा किया गया।**



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मनीष प्रताप सिंह राव साहब रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ए.पी.सिंह ने बताया कि शालेय अभिलेखों के अनुसार विद्यालय की स्थापना प्राथमिक विद्यालय के रूप में सन 1860 में हुई थी और सन् 1908 में मिडिल स्कूल में उन्नयन हुआ। एक लम्बा इतिहास संजोये इस विद्यालय को सन 2012 में हाई स्कूल में उन्नयन किया गया और जुलाई 2024 में पी.यम.श्री.शासकीय हाई स्कूल का दर्जा प्राप्त हुआ। विद्यालय में प्रत्येक छात्र को सीखने के समान अवसर दिए जाते हैं।

छात्रों में कलात्मक और नवीन सोच को प्रोत्साहित करने के साथ नैतिक एवं रचनात्मक विकास का पूरा ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में प्रयास पत्रिका का प्रकाशन कर छात्र छात्राओं द्वारा उनकी भावनाओं को लेख, कविता के माध्यम से अभिव्यक्त करने का नवाचार किया गया है। पत्रिका में छात्र छात्राओं व शिक्षकों का संकलन पाठ्यवस्तु को ज्ञानवर्धक व रुचिकर बनाता है। मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह जूदेव विधायक नागौद ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस विद्यालय द्वारा वार्षिक पत्रिका प्रयास के प्रथम संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

यह पत्रिका न केवल विद्यार्थियों की सृजनशीलता, कल्पनाशील सोच और अभिव्यक्ति का मंच है, वल्कि विद्यालय के शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक वातावरण का भी सुन्दर प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है।आशा है कि पत्रिका प्रयास के माध्यम से बालकों की प्रतिभा और विचार नई उंचाइयों को स्पर्श करेंगे तथा उन्हे नई प्रेरणा प्राप्त होगी। कार्यक्रम का संचालन राकेश प्रताप सिंह एवं श्वेता सिंह ने किया।

उक्त अवसर पर गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के शिक्षक रत्ना सिंह, राकेश प्रताप सिंह, श्वेता सिंह, बृजबाला प्रजापति, मुलिया देवी, सीमा चौरसिया, गायत्री सिंह, नीलम गुप्ता, शांती सिंह, मनीषा मिश्रा, माया बागरी, अमिता श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, आशीष कुमार गर्ग, मैथिली, रश्मि सिंह, मिताली सर्राफ, सुधा सोनी, यश श्रीवास्तव, प्रीती रजक, दीपक रैकवार उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ पाने आवेदन जमा करें

**रामनगर 6 फरवरी,** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत रामनगर, जिला मैहर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 मार्च 2026 को प्रस्तावित है।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। पात्र हितग्राही निर्धारित समय सीमा के भीतर जनपद पंचायत रामनगर या अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए जनपद पंचायत रामनगर कार्यालय से संपर्क करें। अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना का लाभ उठाएं।

# उचेहरा सीईओ ने ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 6 फरवरी, जनपद पंचायत सभागार उचेहरा में शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी अस्थाना ने समस्त सचिव, रोजगार सहायक, इंजीनियर, पीसीओ, एडीओ की बैठक ली।**

बैठक में शासन द्वारा संचालित समस्त जनकल्याण कारी योजनाओं की ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास, एक बगिया मां के नाम, मनरेगा के श्रमिकों की ईकेवाईसी, संबल योजना, अनुग्रह सहायता, निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए कोई पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित नहीं हो इसकी जिम्मेदारी सचिव, रोजगार सहायकों की है, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण कराए।पीसीसी, नाली, पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो कोई शिकायत नहीं मिले अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए वरना कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बीपीओ रजनीश जैसवाल, सहायक यंत्री मधु बागरी, एपीओ मनीषा कुरील, समग्र विस्तार अधिकारी ज्योति गर्ग, बीसी लक्ष्मीकांत तिवारी, अगमदास पटेल, उपयंत्री राकेश ताम्रकार, दीपक सिंह हरनाम सिंह, पीसीओ अभिमन्यु गौतम, भोला प्रसाद गुप्ता, एडीओ बद्री पटेल, पंचायत सचिव तरुण मिश्रा, मनोज सिंह, दीपक ज्योति सेन, विनोद सिंह, राममिलन सेन, प्रमोद सिंह, पूजा गौतम, रूबी सिंह, रोजगार सहायक जय सिंह, आराधना सिंह, सीमा सिंह, तेजभान पटेल, विनय तिवारी सहित समस्त पंचायती अमला उपस्थित रहा।





# तिरंगा लाइटों से जगमगाया कोठी

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 6 फरवरी, नगर परिषद कोठी द्वारा नगर में सुंदरता लाये जाने के लिए नई पहल की गई है।**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोठी नगर में मौजूद स्ट्रीट लाइटों के विद्युत पोल पर तिरंगा लाइट लगाई गई है जिससे दिन में तो ठीक रात में कोठी नगर में अलग ही सुंदरता आई है और तिरंगा लाइट की वजह से नगर की सड़क भी जगमगाती हैं जिससे नगर में सुंदरता वापस लौटी है लोगों ने कहा धीरे-धीरे नगर पटरी पर लौट रहा है लोगों ने कहा कि यह पहला अवसर है जब कोठी नगर की स्ट्रीट लाइटों में तिरंगा लाइट लगाई गई है

# गुलुआ के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी का किया जोरदार स्वागत

## थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व से बढ़ रहा पुलिस के प्रति जनता का विश्वास

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 6 फरवरी, आज कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी थाना क्षेत्र के गुलुआ गांव में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किए जाने के उद्देश्य से संतोष तिवारी गुलुआ पहुंचे थे जहां पर ग्रामीणों ने बड़े आत्मीय भाव से उनका फूल माला पहनाकर उनका स्वागत वंदन अभिनंदन किया।**



थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और छोटी-छोटी समस्याओं को आपसी तालमेल से निपटाकर आपसी भाईचारा प्रेम शांति व सौहार्द का माहौल स्थापित करने का आव्हान किया। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व की जमकर प्रशंसा की, थाना प्रभारी ने भी जनता और पुलिस के बीच आपसी मित्रता का संदेश दिया और सभी ग्रामीणों का आभार जताया साथ ही ग्रामीण जनों से कहा कि यदि आपके आसपास अवैध रूप से यदि कोई गतिविधियां संचालित होती हैं उन्हें पुलिस को तुरंत सूचित करें।

# एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी का कोटर आगमन आज

**कोटर 6 फरवरी,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी का कोटर आगमन 7 फरवरी सुबह 11 बजे कोटर स्थित आशीष वाटिका हो रहा है, यहां क्षेत्रीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में रामकृष्ण तिवारी सहित एबीवीपी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहेंगे।



# चित्रकूट में ऑटो रिक्शा वालों की गुंडागर्दी और लूट पाट

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 6 फरवरी,** दिन दहाड़े वृद्धा महिला से टप्पेबाजी के द्वारा वृद्धा महिला के कानों के टप्स उतार ले जाने का समाचार प्रकाशन में आया है बताया जाता है कि चित्रकूट में इन दोनों उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के हजारों की संख्या में ऑटो रिक्शाई रिक्शा का संचालन हो रहा है जो गुंडे के साथ रोड पर जाम लगना यात्रियों के साथ आबिद्धाता करना हम बात हो गई है इसी के चलते भीड़भाड़का फायदा उठाते हुए एक महिला के लगभग 50 हजारकीमत के बताये जा रहे हैं आभूषण चित्रकूट थाना क्षेत्र के लोधन टिकुरा मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय लीलावती पत्नी मेवालाल से हुई टप्पेबाजी, राम घाट से रिश्तेदार बनकर मध्य प्रदेश के इलाहाबाद बैंक के पास संतोषी अखाड़ा के पास लेकर आया फिर मुंह कपड़ा बंद करमहिला से कर ली जेवर की छिनौती चीन झपट करजेवर लेकर फरार टप्पेबाज एसूचना पर मौके पर चित्रकूट थाना प्रभारी समेत पुलिस बल पहुंचा जांच की शुरू समाचार लिखे जाने तक पुलिश ने गिरफ्तार नहीं कर सकती.

